# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

(भाग २ कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

मंगलवार, तिथि ८ जुलाई, १९८०।

विषय-सूची।

पृष्ठ।

शून्य काल की चर्चाएं :

(क) ठाकुरगंज में भ्रष्ट व्यापारियों का बोलबाला १

(ख) कोयलकारो जल विद्युत परियोजना के कर्मचारियों का स्थानान्तरण। २

(ग) पलामू जिलान्तर्गत ग्राम पोस्ट मनातु के श्री जगदीश्वर जीत सिंह पर लगाए गए आरोप की वापसी। २

(घ) पूर्णियां जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड के पूर्वी छोर से गुजरनेवाली फरियानी (कोशी नदी) के तट पर साइफन का निर्माण। २

(ङ) पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका एवं पताही प्रखंड में अकाल की स्थिति। ३

(च) संथालपरगना एवं छोटानागपुर के वन रोपन विभाग में सुधार की व्यवस्था। ३

(छ) पलामू जिलान्तर्गत बालूमात प्रखंड में श्री कामाख्या सिंह द्वारा बलात्कार। ४

(ज) महानन्दा तटबन्ध पर बांध का निर्माण। ४

हथयारीरा संझा वा लूटोल, दुर्गापुर वर्गी वरैना एवं चपन्दपुर गांव नदी के कटाव क्षेत्र के अन्दर आ गया है । कटाव से बीस हजार की जनसंख्या वाली यह भू-भाग बुरी तरह प्रभावित होने ही वाली है । साईफन का निर्माण कर पानी के बहाव को शक्तिहीन कर कटाव को रोका जा सकता है , यह व्यवस्था स्थाई होगी । अन्य व्यवस्था भी कटाव रोकने हेतु तुरंत हो यह सरकार से अपेक्षा करता हूं ।

(ङ) पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढ़ाका एवं पताही प्रखंड में अकाल की स्थिति ।

श्री मोतीउर रहमान-- अध्यक्ष महोदय, मैं आज शून्यकाल में अति अविलम्बनीय महत्व के विषय की ओर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं ।

पूर्वी चम्पारण जिले समूचे ढ़ाका एवं पताही प्रखंड में वर्षा के अभाव में अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई है । मजदूर बेकार पड़ गए हैं । भूखमरी की स्थिति पैदा हो रही ।

सरकार शीघ्र मजदूरों को रोजी दिलावे एवं सिंचाई की व्यवस्था करे ताकि लोगों की जानमाल की रक्षा हो सके ।

(च) संतालपरगणा एवं छोटानागपुर के वनरोपन विभाग में सुधार की व्यवस्था

श्री ममया चरण लाल--अध्यक्ष महोदय, संथालपरगणा छोटानागपुर को जंगल और पहाड़ो से घिरा हुआ जिला कहा जाता है । परन्तु जंगल-जंगल न रहकर सपाट मैदान बनता जा रहा है । वनरोपन विभाग के गलती के कारण जंगल का उपयोग भविष्य में नहीं हो सकेगा । फलस्वरूप आदिवासियों हरिजनों तथा कमजोर वर्ग के लोगों के साथ ही वहां के वासियों को संकट का सामना करना पड़ेगा, जंगल से । कन्द-मूल फूल विलोपित हो गया ।

अतः सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूं कि जनहित एवं राष्ट्र को देखते हुए इसमें जल्द से जल्द सुधार लाने की व्यवस्था करें ।

(छ) पलामू जिला अन्तर्गत बालूमाद प्रखंड में श्री कमाख्या सिंह द्वारा बलात्कार ।

श्री राधाकृष्ण किशोर--अध्यक्ष महोदय, मैं शून्यकाल में दो शब्द सदन में बोलना चाहता हूं अतः मुझे बोलने की अनुमति दी जाय । २३ जून को